# जी-20 के मेहमानों के लिए गंगा आरती रहेगी मुख्य आकर्षण का केंद्र

**टिहरी जिले के नरेंद्र नगर के आनंदा और गॉडविन होटल में 24 और 25 मई को जी-20 की बैठक होगी**





**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के टिहरी जिले में जी-20 के सम्मेलन में प्रतिभाग करने वाले विदेशी मेहमानों के लिए उत्तराखंड की संस्कृति और परमार्थ निकेतन की गंगा आरती मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगी।
टिहरी जिले के नरेंद्र नगर के आनंदा और गॉडविन होटल में 24 और 25 मई को यह बैठक होगी, जिसमें जी-20 देशों के प्रतिनिधि अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी संघ को मजबूत करने पर गंभीर रूप से मंथन करेंगे।
बैठक के बाद विदेशी मेहमानों को परमार्थ निकेतन की गंगा आरती से दिव्य और आध्यात्मिक अनुभव कराया जाएगा। इसी के साथ विदेशी मेहमानों को नरेंद्र नगर के निकट ओणी गांव ले जाया जाएगा, जहां पहाड़ के गांव में रहने वाले लोगों के जीवन को नजदीक से समझने का अवसर भी मिलेगा। जौलीग्रांट एयरपोर्ट के अंदर और बाहर दीवारों पर बनाई गई पहाड़ की समृद्ध संस्कृति को दशार्ती आकृतियां भी मेहमानों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगी। इसके बाद सभी मेहमान नरेंद्र नगर पहुंचेंगे।
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में देश के विभिन्न राज्यों में आयोजित की जा रही जी-20 सम्मेलन की श्रृंखला में उत्तराखंड के टिहरी जिले के नरेंद्र नगर शहर में 24 से 25 मई तक चलने वाले दो दिवसीय सम्मेलन के लिए उत्तराखंड सरकार ने पूरी तरह से तैयार कर ली है, सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी तंत्र के एजेंडे पर जहां गंभीरता पूर्वक मंथन किया जाएगा।
प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सम्मेलन के दौरान भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए उत्तराखंड में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जाने की रणनीति पर विचार किया जाएगा। उनका कहना था कि देश का सबसे कठोर नकल विरोधी कानून उत्तराखंड राज्य में लागू किया गया है। इसके अंतर्गत जनता की शिकायतों का समाधान करने के लिए 1064 बेव एप लॉन्च किया गया है। अपणी सरकार पोर्टल, ईकैबिनेट, ईऑफिस, सीएम डैसबोर्ड उत्कर्ष, सीएम हेल्पलाइन 1905, सेवा का अधिकार और ट्रांसफर एक्ट की पारदर्शी व्यवस्था बनाकर राज्य में भ्रष्टाचार के समूल नाश का प्रयास भी उत्तराखंड की सरकार द्वारा किया जा रहा है।
मुनी की रेती पहुंचने पर विदेशी मेहमानों को आकर्षित करेगा जानकी पुल-मुनि की रेती क्षेत्र को बड़ी खूबसूरती और कलात्मक तरीके से सजाया गया है। यूं तो मां गंगा के पावन तट पर आम दिनों में भी अलग अनुभूति का अहसास होता है, लेकिन जी-20 में प्रतिभाग करने आ रहे, विदेशी मेहमानों को उत्तराखंड की संस्कृति से रूबरू कराने के भी पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। जानकी सेतु पर जहां बजरंग बली की भव्य आकृति मेहमानों को आकर्षित करेगी, तो गंगा घाटों पर लगी रेलिंग आदि की भी साज-सज्जा अपनी ओर आकर्षित कर रही है।

### -कार्यक्रम की सफलता के लिए पूरे क्षेत्र को 5 जोन 10 सेक्टर में बांटा गया है : श्वेता चौबे

पौड़ी की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने बताया कि 24 मई को ऋषिकेश के परमार्थ निकेतन के घाट पर जी 20 सम्मेलन के चलते आयोजित गंगा आरती में प्रतिभाग करने आ रहे विदेशी मेहमानों की सुरक्षा व्यवस्था और स्वागत किया जाना अतिथि देवो भव की तरह हमारा कर्तव्य है। इसके लिए 5 जोन, 12 सेक्टर, इसके अतिरिक्त दो कंपनी ,एक प्लाटून पीएसी एक बम निरोधक दस्ता, तीन टीमें जल पुलिस, 5 एएसपी, 8 सीओ , 10 एस एच ओ, एसआई 47, 10 महिलाएं उप निरीक्षक 206 कांस्टेबल जिसमें महिलाएं भी शामिल रहेगी। उन्होंने कहा कि आरती के समय कुछ समय के लिए पुलों पर आवाजाही रोकने के साथ पुलों को सभी के लिए खोल दिया जाएगा, यह व्यवस्था की हुई और पौड़ी पुलिस के समन्वय के आधार पर की जाएगी। इसे देखते हुए विदेशी मेहमानों को जानकी पुल से परमार्थ निकेतन लाया जाना सुनिश्चित किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### गंगा तट पर अश्विनी गुरु जी के साथ एक अनुभवात्मक सत्र

**हरिद्वार।** वेदों के ज्ञाता अश्विनी गुरूजी इस युग के एकमात्र ऐसे योगी हैं जो कि प्राचीन वैदिक विज्ञान में दक्ष हैं और साधकों को शुद्व योग का ज्ञान दे रहे हैं ।उनका मानना है, कि योग एक साधना है ना कि कोई व्यवसाय और इसी का अनुसरण करते हुए उन्होंने आने वाले हर उस साधक को अपने सानिध्य में लिया है जो इस आत्मा की यात्रा पर आगे बढ़ना चाहता है। सृष्टि कल्याण में समर्पित ध्यान फाउंडेशन के विभिन्न कार्यों के पीछे की शक्ति और प्रेरणा के स्रोत भी वही हैं। कर्म के सिद्वांत और उसके व्यावहारिक अनुभव में विश्वास रखते हुए उन्होंने स्वयं के उदाहरण से दुनिया भर में लोगों को सेवा और कर्म का मार्ग दिखाया हैं। देश के प्रमुख चिकित्सक उनकी क्षमताओं और उनके द्वारा सूत्रबद्ध सनातन क्रिया की प्रभावशीलता का प्रमाण देते हैं।
गुरुजी लगातार साधकों को वैदिक संस्कृति से जुड़े महत्वपूर्ण स्थानों कृ जैसे पाताल भुवनेश्वरी की गुफाओं, यू० के० में रोल राइट स्टोन्स, श्रीलंका में सिगरिया रॉक्स आदि कृ की आध्यात्मिक यात्राओं पर ले कर गए हैं और उनके इतिहास से जुड़े अनेक रहस्योदघाटन किए हैं । इस मई गुरुजी साधकों को देवभूमी उत्तराखंड में हरिद्वार ले जा रहे हैं, जहां उन्हें अच्छे स्वास्थ्य, तेज, शक्ति और चेतना के विकास के लिए ऋषियों के प्राचीन रहस्यों से परिचित कराया जायेगा ।बिना किसी लेन-देन के,गुरु शिष्य परम्परा और शुद्व योग का पालन करते हुए गुरुजी द्वारा साझा किया गया ज्ञान सहभागियों का जीवन बदलने की क्षमता रखता है। गुरुजी इस बात पर जोर देते हैं कि योग के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए स्वयं के कर्मों का शुद्धिकरण आवश्यक है। उन्होंने सृष्टि की सहायता में अपना जीवन और संपत्ति समर्पित कर दी है ।अपने कर्मों को सुधार कर अपनी आत्मा की यात्रा शुरू करने के लिए देवताओं की भूमि से बेहतर और कोई जगह नहीं है। बीएसएफ प्रमाणित करता है कि कोई अन्य संगठन देश भर में 70,000 से अधिक पशुओं के पुनर्वास के लिए कार्य नहीं कर रहा है,कर्म योग की इस नयी क्रांति में पूरे भारत में 45 से अधिक जीव आश्रयों के साथ, पशु एम्बुलेंस,पशु हेल्पलाइन, लंगर, गरीब बच्चों के लिए स्कूल,आदि कार्यों में ध्यान फाउंडेशन सबसे आगे है। एक सुखद, बेहतर और स्वस्थ अनुभव के लिए आप इस अनोखे आध्यात्मिक प्रवास पर आमंत्रित हैं ।

### शाओमी इंडिया ने लॉन्च किया देश का स्मार्टफोन

**देहरादून।** देश के अग्रणी स्मार्टफोन ब्रांड शाओम ने आज अपनी लोकप्रिय रेडमी ए सीरीज में दो नए स्मार्टफोन रेडमी ए2 और रेडमी ए2.लॉन्च किए ये मेड-इन-इंडिया स्मार्टफोन पारदर्शी मूल्य और सर्वश्रेष्ठ फीचर्स के साथ उपभोक्ताओं को सुगम अनुभव प्रदान करते हैं इसलिए ये उनके लिए परफेक्ट पसंद हैं शक्तिशाली प्रोसेसर बड़े डिस्प्ले और 5,000 एमएएच की शक्तिशाली बैटरी के साथ रेडमी ए2 सीरीज जनसमूह के लिए मूल्य और परफॉर्मेंस का बेहतरीन मिश्रण लेकर आई है और उपभोक्ताओं को बेहतरीन अपग्रेड प्रदान कर रही है 2.2 गीगाहर्ट्ज की क्लॉक स्पीड के साथ ऑक्टाकोर हीलियो जी36 प्रोसेसर और 6.52 इंच के एचडी.लार्ज डिस्प्ले के साथ रेडमी ए2 सीरीज एन्ड्रॉयड 13 पर आधारित है और ब्राउजिंग एवं मल्टीमीडिया के सुगम अनुभव के साथ-साथ सॉफ्टवेयर का क्लीन अनुभव भी प्रदान करता है। सुरक्षित अनुभव के लिए रेडमी ए2.में सुपरफास्ट फिंगरप्रिंट सेंसर और जो स्मार्टफोन को अनलॉक करने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा सुनिश्चित करता है। लॉन्च के बारे में अनुज शर्मा चीफ मार्केटिंग ऑफिसर शाओमी इंडिया ने कहा ब्रांड के रूप में हम सभी सदैव इनोवेशन फॉर ऑल के लिए काम करते हैं हमारा उद्देश्य देश के युवाओं को सशक्त बनाना है आज का यह लॉन्च हमारे उपभोक्ताओं को लेटेस्ट टेक्नॉलॉजी की ओर सुगमता से बढ़ने में मदद करने के शाओमी के प्रयासों में से एक है। ऑल न्यू रेडमी ए2 सीरीज में कई उपयोगी फीचर्स हैं और हमें विश्वास है कि हमारे जो उपभोक्ता किफायती मूल्य में नई टेक्नॉलॉजी में अपग्रेड करना चाहते हैं उन्हें हमारे इन नए उत्पादों में पारदर्शी मूल्य में सर्वश्रेष्ठ समाधान मिलेंगे। रेडमी ए1 सीरीज की सफलता को आगे बढ़ाते हुए और रेडमी की गुणवत्ता के साथ हमें यकीन है कि रेडमी ए2 भी उतना ही लोकप्रिय होगा। ये स्मार्टफोन एक प्रगतिशील डिजिटल इंडिया के हमारे संकल्प को मजबूत करने के लिए हमारी ओर से एक नई पेशकश हैं।

### डीआईटी यूनिवर्सिटी ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के सहयोग से एमबीए फिनटेक लॉन्च किया

**देहरादून।** डीआईटी विश्वविद्यालय प्रौद्योगिकी और व्यवसाय के उभरते क्षेत्रों में अत्याधुनिक कार्यक्रमों की पहचान करने और उनकी पेशकश करने के लिए जाना जाता है। मास्टर्स इन बिजनेस मैनेजमेंट (एमबीए - फिनटेक) में विशेषज्ञता के रूप में फिनटेक में यह एक अभिनव और अपनी तरह का एक नया और विशेष कार्यक्रम है। अंतर-अनुशासनात्मक कार्यक्रम मुख्य रूप से प्रबंधन और परिवर्तन के लिए आवश्यक जानकारी और कौशल के साथ जनशक्ति विकसित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

## एबीवीपी के कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई की मांग

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
गढ़वाल कमिश्नरी पौड़ी में एसएफआई के कार्यकताओं के तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान एबीवीपी के कार्यकताओं की ओर से की गई अभद्रता की जांच और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर मंगलवार को भारत की नौजवान सभा और किसान सभा ने एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तराखंड सरकार को भेजा है। अखिल भारतीय किसान सभा के सचिव ज्ञानेंद्र खंतवाल और भारत की नौजवान सभा के सह सचिव गजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि 20 मई को पौड़ी में एसएफआई के कार्यकताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा था।

## विभिन्न मांगों को लेकर इंजीनियरों ने की कलेक्ट्रेट में जमकर नारेबाजी

**इंजीनियरों ने कहा कि अगर उनकी मांगों को पूरा न किया गया, तो चरबद्ध तरीके से आंदोलन को अंजाम देंगे**



**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के बैनर तले इंजीनियरों ने विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में एक दिवसीय धरना देते हुए प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इंजीनियरों ने कहा कि अगर उनकी मांगों को पूरा न किया गया, तो चरबद्ध तरीके से आंदोलन को अंजाम देंगे।
इंजीनियरों ने कलेक्ट्रेट परिसर में विभिन्न मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना देते हुए कहा कि सरकार उनकी मांगों पर गौर नहीं कर रही है। यदि उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो चरणबद्ध आंदोलन को अंजाम दिया जायेगा। इंजीनियरों की मांग है कि विभिन्न विभागों में कार्यरत समूह ख अभियंताओं को कार अनुरक्षण भत्ता अनुमन्य करने वाला शासनादेश जारी किया जाय। कनिष्क व अपर सहायक अभियंता को मोटर साइकिल व स्कूटर भत्ते की दरों के पुनरीक्षण का शासनादेश जारी किया जाये। कनिष्क व अपर सहायक अभियंता को दस साल की सेवा के बाद सहायक अभियंता का ग्रेड वेतन 5400 दिया जाये। अपर सहायक अभियंता की वेतन विसंगति दूर की जाये। सभी अभियांत्रिकी विभागों में एक समान सेवा नियमावली प्रख्यापित की जाये। प्रदेश की बाहर की एजेंसियों को प्रदेश में निर्माण काम देने पर रोक लगाई जाय। विद्युत डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन के तीनों निगमों के प्रबंधन को प्रेषित नोटिस के विभिन्न बिंदुओं पर कार्यवाह की जाये। स्थानांतरण अधिनियम 2017 में महासंघ के प्रेषित सुझावों के अनुरूप संशोधन किया जाये। मात्र स्थानांतरण सत्र में ही स्थानांतरण किये जायें। पुरानी पेंशन बहाल की जाये। कृषि विभाग व जिला पंचायत में सहायक, अधिशासी व अधीक्षण अभियंता के पद सृजित किये जायें।
इस मौके पर महासंघ के जनपद अध्यक्ष आनंद किशोर, नीरज नौटियाल, मंडल अध्यक्ष प्रमोद सिंह नेगी, सचिव ममता पंवार, शाखाध्यक्ष अश्विनी कुमार, निर्मल सिंह, देवेश मोहन सेमवाल, दीपक अग्रवाल, अंकित प्रजापति, शैलेंद्र पांडेय आदि मौजूद रहे।

## गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस पर लगाई छबील

**श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारा पहुंचकर माथा टेका। विश्व शांति और भाईचारे की अरदास की गई**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
सिख पंथ के पांचवे गुरु गुरु अर्जुन देव का शहीदी दिवस जगह-जगह ठंडे शरबत की छबील लगाकर मनाया गया। इस अवसर पर निर्मल संतपुरा आश्रम के बाहर छबील लगाई गई। संत जगजीत सिंह शास्त्री ने कहा कि गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस पर 4 से 23 मई तक रोजाना श्री सुखमनी साहिब का पाठ किया गया। श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारा पहुंचकर माथा टेका। विश्व शांति और भाईचारे की अरदास की गई।प्रेमनगर चौक स्थित निर्मल विरक्त कुटिया गुरुद्वारे के सामने छबील की सेवा करते हुए संचालक बाबा पंडत ने कहा कि गुरु अर्जुन देव सत्य की रक्षा के लिए शहीद हो गए, लेकिन जुल्म के आगे नहीं झुके। उनके शहीदी दिवस पर छबील लगाकर लोगों को ठंडा शरबत पिलाया जाता है। गुरुओं के बताए मार्ग पर चलकर ही अपना जीवन सफल बनाए। सिक्ख समाज सेवा कार्य के लिए सबसे आगे रहता है।

## वेल्डिंग स्कूल आत्मनिर्भर भारत की दिशा में अहम कदम : कृष्ण पाल गुर्जर

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
बीएचईएल स्थित मानव संसाधन विकास केंद्र (एचआरडीसी) में कॉमन इंजीनियरिंग फैसिलिटी सेंटर (सीईएफसी) 5000 योजना के अंतर्गत कौशल विकास के लिए एक वेल्डिंग स्कूल की स्थापना की गई है। केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने बीएचईएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. नलिन सिंघल, हरिद्वार प्रभाग के कार्यपालक निदेशक प्रवीण चन्द्र झा की उपस्थिति में इस वेल्डिंग स्कूल का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण करना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रमुख उद्देश्य है।

## शहरी विकास मंत्री ने किया दून लाइब्रेरी का निरीक्षण



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत मॉडर्न दून लाइब्रेरी में म्यूजियम, कंप्यूटर लैब और लाइब्रेरियन कक्ष, कम्युनिटी हाल, बहुउद्देश्यीय हाल आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान यहां अध्ययन कर रहे बच्चों से डॉ. अग्रवाल ने वार्ता कर लाइब्रेरी द्वारा मिल रही सुविधाओं की जानकारी हासिल की।
मंगलवार को प्रेमचंद अग्रवाल मॉडर्न दून लाइब्रेरी पहुंचे। यहां निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों के अध्ययन कक्ष में वातानुकूलित न पाते हुए यहां पर्याप्त मात्रा में पंखे लगाने के निर्देश दिए। साथ ही म्युजियम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के चित्र से सम्बंधित चित्रकार का नाम भी लिखने को कहा।
इस दौरान डॉ. अग्रवाल ने अध्ययन कक्ष में पाठन कर रहे बच्चों से भी वार्ता की और सरकार द्वारा लाइब्रेरी में दी जा रही सुविधाओं की जानकारी हासिल की। बच्चों ने मॉडर्न दून लाइब्रेरी की प्रशंसा की और कहा कि यहां हर प्रकार की पुस्तकों के साथ ही पढ़ने के लिए स्वस्थ वातावरण है। डॉ अग्रवाल ने म्यूजियम में पुरानी वस्तुओं को संजोए रखने पर प्रशंसा की।
डॉ. अग्रवाल ने निरीक्षण के बाद मीडिया को दी जानकारी में बताया कि जी 3 संरचना में लाइब्रेरी का निर्माण किया गया है, जिसमें करीब 500 पाठकों के अध्ययन की व्यवस्था की गई है इसमें भूतल में सभी प्रशासनिक कक्ष जैसे निदेशक कक्ष, लाइब्रेरियन कक्ष, टेक्निकल स्टाफ कक्ष, कैफेटेरिया, 16 पाठकों की क्षमता वाला कम्युनिटी हाल, 100 पाठकों की क्षमता वाला बहुउद्देश्यीय हाल तथा बच्चों के लिए चिल्ड्रन सेक्शन हैं।
उन्होंने बताया कि अन्य तीन तलों में अध्ययन व बुक्स रखने हेतु पर्याप्त स्थान है। बताया कि द्वितीय तल में 30 कम्प्यूटर सिस्टम सहित कम्प्यूटर लैब भी उपलब्ध कराई गई है। बताया कि स्मार्ट टॉयलेट का भी निर्माण किया गया है। साथ ही पीने के पानी, बायोमेट्रिक व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे, स्मार्ट स्क्रीन, पार्किंग आदि सुविधा दी गयी है। उन्होंने बताया कि लाइब्रेरी में प्रतियोगी परीक्षाओं, तकनीकी, साहित्य, कविता संग्रह, वकालत सम्बन्धी पुस्तकें उपलब्ध हैं।

## जी-20 के लिए उत्तराखंड पहुंचने लगे विदेशी मेहमान



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
जी-20 बैठक के लिए यहां विदेशी मेहमानों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। मंगलवार सुबह विदेशी डेलिगेट्स का एक ग्रुप जॉलीग्रांट एयरपोर्ट पर पहुंचा, जहां उनका पारंपरिक रूप से तिलक लगा और माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान छोलिया नृत्य के पारंपरिक वाद्य यंत्रों पर प्रस्तुति दी रहे कलाकारों को देखकर डेलिगेट्स खुद को नहीं रोक पाए और महिलाओं के साथ ही पुरुष डेलिगेट्स ने भी उत्तराखंड के गीत-संगीत पर कलाकारों संग सुंदर नृत्य किया। सभी मेहमान एयरपोर्ट पर हुई मेहमान नवाजी से काफी खुश और अभिभूत नजर आए।
इसके बाद इन सभी को नरेंद्र नगर में जहां जी-20 के मुख्य आयोजन है, वहां पर ले जाया गया।
जी-20 की दूसरी एंटी करप्शन वर्किंग मीटिंग टिहरी के नरेंद्र नगर में आगामी 24 और 25 मई को होगी। बैठक में अन्तरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी तंत्र को मजबूत करने पर गंभीर विचार विमर्श किया जाएगा।

## आपका दवाई वाला उत्तराखंड सहित पूरे भारत में उपलब्ध करवाएगा जेनेरिक दवाइयां




**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
अब आपका दवाई वाला उत्तराखंड सहित पूरे देश में जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध करवाएगा। बाजार में इन दवाइयों को उपलब्ध कराए जाने की दृष्टि से आपका दवाई वाला के सेंटर का शुभारंभ 28 मई को गढ़वाल के मुख्य द्वार ऋषिकेश में किया जा रहा है। ऐसा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और डब्ल्यूएचओ के भारत में गरीबों को सस्ती दवाइयां उपलब्ध करवाए जाने के आह्वान के बाद ब्रांडेड एलोपैथिक के स्थान पर ब्रांडेड कंपनियों की जेनेरिक दवाइयां आम लोगों को उपलब्ध हो सकेंगी।
यह जानकारी आपका दवाई वाला सेंटर के सीईओ आकाश कौशल ने ऋषिकेश प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि भारत की आबादी लगभग 140 करोड़ पहुंच गई है, जहां एक साथ जेनेरिक दवाइयों का पहुंचाया जाना संभव नहीं है। इसके बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर गरीबों तक ब्रांडेड एलोपैथिक दवाइयों के स्थान पर ब्रांडेड कंपनियों की जेनेरिक दवाइयां पहुंचाने की दृष्टि से ऋषिकेश के ऋषिकेश-हरिद्वार मार्ग पर आपका दवाई वाला केंद्र खोला जा रहा है, जिसका शुभारंभ उत्तराखंड के असिस्टेंट ड्रग्स कंट्रोलर डॉक्टर सुधीर कुमार करेंगे।
कौशल ने बताया कि ऋषिकेश के बाद उनका प्रयास रहेगा कि उत्तराखंड सहित पूरे भारत में उनके माध्यम से सभी ब्रांडेड कंपनियों की जेनेरिक दवाइयों के स्टोर खोलकर गांव गांव तक यह सस्ती जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराई जाएं।
इसी श्रृंखला में वे ऋषिकेश के बाद उत्तराखंड में लगभग 50 छोटे- बड़े शहरों और कस्बों में बहुत जल्द अपने स्टोर खोलेंगे, जिसकी तैयारियां कर ली गई है। इसी के साथ प्रचार-प्रसार के लिए उनकी ओर से सभी प्रकार के माध्यमों का सहारा लिया जाएगा। इस दौरान कंपनी के संस्थापक डॉ रवि कौशल ने बताया कि उत्तराखंड में जेनेरिक स्टोर खोलें जाने के बाद सैकड़ों उन फार्मासिस्टों को रोजगार उपलब्ध होंगे जो साधनों के अभाव में अभी तक सड़कों पर खाली घूम रहे हैं।

## एक माह पूर्व गायब हुई युवती दिल्ली से बरामद



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
एक माह पूर्व कलियर थाना क्षेत्र से गायब हुई युवती को पुलिस ने दिल्ली से सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने युवती को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। 24 अप्रैल को मदन निवासी आदमपुर थाना शाहपुर जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश हाल निवासी अब्दाल साहब बस्ती कलियर ने अपनी नाबालिग बहन 17 वर्षीय शिवानी पुत्री मदन के बिना बताए घर से गायब होने की तहरीर देते हुए युवती की खोज की गुहार लगाई थी। तहरीर में बताया कि युवती अपने घर से कलियर में हाजिरी पर आई हुई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर युवती की तलाश के प्रयास शुरू कर दी थी।
पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस के माध्यम से शिवानी को हजरत निजामुद्दीन दिल्ली से सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। युवती के सकुशल मिलने पर परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया।

# जूनियर एशिया कप हमारे लिए अपनी ताकत साबित करने का बड़ा अवसर : उत्तम सिंह

**नई दिल्ली।** ओमान के सलालाह में आज (23 मई) से 'पुरुष जूनियर एशिया कप 2023' की शुरुआत हो रही है। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला एक जून को खेला जाएगा। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम अपना पहला मैच बुधवार (24 मई) को चीनी ताइपे के खिलाफ खेलेगी। मैच से पहले भारतीय टीम के कप्तान उत्तम सिंह ने कहा है कि जूनियर एशिया कप हमारे लिए अपनी ताकत साबित करने का एक बड़ा अवसर है। हॉकी इंडिया की ओर से मंगलवार को जारी बयान में उत्तम सिंह ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में हमें जो अच्छा अंतरराष्ट्रीय अनुभव मिला है और हाल ही में साई (एसएआई) सेंटर बेंगलुरु में हुए अभ्यास सत्रों में, जहां हमने अपने कौशल को निखारने के लिए सीनियर टीम के खिलाफ खेला, उसके आधार पर कह सकते हैं कि हम खिताब बचाने के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं।



टीम के उपकप्तान बॉबी सिंह धामी ने कहा कि टीम न केवल एशिया की सर्वश्रेष्ठ युवा टीमों के खिलाफ खेलने के लिए उत्सुक हैं, बल्कि पिछले साल सुल्तान जोहोर कप जीतने के बाद से अधिक उत्साहित हैं।

धामी ने आगे कहा कि हम एशिया की कुछ शीर्ष टीमों के खिलाफ अपने कौशल का परीक्षण करने के लिए उत्सुक हैं और विश्व कप में जगह बनाने के साथ ही मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने का लक्ष्य बना रहे हैं। इसके अलावा पिछले साल सुल्तान ऑफ जोहोर कप में जीत हमारे लिए आत्मविश्वास बढ़ाने वाली साबित हुई है। मेरा मानना है कि हम टूर्नामेंट में किसी भी टीम को हराने में सक्षम हैं और स्वर्ण पदक जीतकर देश को गौरवान्वित करेंगे। उल्लेखनीय है कि भारतीय टीम 24 मई को चीनी ताइपे के खिलाफ मैच के साथ पुरुष जूनियर एशिया कप 2023 में अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इसके बाद 25 मई को टीम जापान से भिड़ेगी। टीम 27 मई को पाकिस्तान से भिड़ेगी और 28 मई को अपना आखिरी पूल मैच थाईलैंड के खिलाफ खेलेगी।

टूर्नामेंट में भाग लेने वाली दस टीमों को दो पूल में विभाजित किया गया है। पूल ए में भारत, चीनी ताइपे, जापान, पाकिस्तान और थाईलैंड शामिल हैं। पूल बी में मेजबान ओमान के साथ बांग्लादेश, कोरिया, मलेशिया और उज्बेकिस्तान शामिल हैं।

पूल चरण में प्रत्येक टीम अपने पूल में अन्य चार टीमों से एक बार खेलेगी। दोनों पूल में शीर्ष पर रहने वाली दो-दो टीमें (कुल चार) सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। इसके बाद सेमीफाइनल जीतने वाली दो टीमें फाइनल में प्रवेश करेंगी। हारने वाली सेमीफाइनलिस्ट टीमें कांस्य पदक मैच में खेलेंगी। दो फाइनलिस्ट और कांस्य पदक विजेता टीम जूनियर हॉकी विश्व कप 2023 के लिए क्वालीफाई कर जाएंगी।

## हर्ष ने की धुआंधार बल्लेबाजी, मल्टी फैसिलिटी ने जीता मैच

**लखनऊ।** अंडर-25 लीग क्रिकेट मैच में मल्टी फैसिलिटी प्रोफेशनल ने मेगा ट्रेंड क्लब 128 रन से मात दे दी। इस मैच में मल्टी फैकेलिटी के बल्लेबाज निखिल हर्ष ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए सात चौके और दो छक्के की मदद से 69 रन बनाये। मल्टी फैसिलिटी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 254 रन बनाये। सर्वाधिक निखिल हर्ष ने सात चौका और दो छक्का की मदद से 74 बाल पर 69 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज प्रतीक सिंह ने 28 रन बनाया। वहीं मो. फैसल ने 27 बाल पर 31 रन, जबकि गुरवीर सिंह ने 15 बाल पर 31 रन बनाया। मेगा ट्रेंड क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 126 रन बनाकर पवेलियन लौट गयी और मल्टी फैसिलिटी 128 रन से जीत गयी। कार्तिकेय वैभव ने 36 रन बनाया। वहीं राज नाविक ने 35 रन बनाया।



## इंडिया ओपन निशानेबाजी में मिहिर ने जीता स्वर्ण



**प्रयागराज।** ईगल आई शूटिंग स्पोर्ट्स अकादमी प्रयागराज के प्रशिक्षु मिहिर श्रीवास्तव ने 11वीं इंडिया ओपन निशानेबाजी चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। अकादमी के कोच विजय चंदेल एवं फरीद सिद्दीकी ने बताया कि दिल्ली के डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में 16 से 22 मई तक आयोजित चैम्पियनशिप में मिहिर ने एयर राइफल जूनियर वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। प्रतियोगिता में 1900 से अधिक निशानेबाजों ने भाग लिया। दोनों कोच ने मिहिर को स्वर्णिम भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## महिला क्रिकेट : आगरा ने देवरिया को दी मात, कानपुर भी जीता मैच

**लखनऊ।** हेमवती नंदन बहुगुणा वोमेन्स टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में दो लीग मैच खेले गये। पहले मैच में आगरा जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने देवरिया क्रिकेट एसोसिएशन को 107 रन से हरा दिया। वहीं दूसरे मैच में कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन ने सीएएल रेड को 79 रन से मात दे दी।आगरा जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में दो विकेट गवांकर 185 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज संपदा दीक्षित ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 12 चौका और दो छक्का की मदद से 46 बाल पर 83 रन बनाए। वहीं रेखा राजपूत ने 25 रन का योगदान दिया। अंजली सिंह ने 34 बाल पर 52 रन बनाए और अंत तक क्रीज पर जमी रहीं। वहीं देवरिया की टीम निर्धारित ओवर में 78 रन ही बना सकी और मैच 107 रन से हार गयी। देवरिया की टीम सबसे अधिक 20 रन शिवी ने बनाए।



दूसरे मैच में कानपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 162 रन बनाये। सबसे अधिक एकता सिंह ने 11 चौके और दो छक्के की मदद से 60 बाल पर 79 रन बनाये, जबकि सलामी बल्लेबाज बबिता यादव ने 64 रन का योगदान दिया। वहीं सीएएल रेड की टीम 83 रन ही बना सकी और 79 रन से हार गयी। सबसे अधिक 23 रन ए. चटर्जी ने बनाया।

# रवि शास्त्री ने चुनी भारत और ऑस्ट्रेलिया की संयुक्त टेस्ट इलेवन, केवल 4 भारतीय खिलाड़ियों को दी जगह

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनलिस्ट भारत और ऑस्ट्रेलिया टीम के खिलाड़ियों को मिलाकर एक संयुक्त टेस्ट इलेवन चुनी है। हैरानी की बात यह है कि रवि शास्त्री द्वारा चुनी गई बेस्ट इलेवन में केवल चार भारतीय खिलाड़ियों को जगह दी गई है जबकि ऑस्ट्रेलिया के 7 खिलाड़ी चुने गए हैं। पूर्व भारतीय कोच ने जिन 4 भारतीय खिलाड़ियों को चुना है, उनमें रोहित शर्मा, विराट कोहली, रविन्द्र जडेजा और मोहम्मद शमी शामिल हैं। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, एलेक्स कैरी, पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और नाथन लियोन हैं। रवि शास्त्री ने रोहित शर्मा को टीम का कप्तान बनाया है। आईसीसी रिव्यू के नवीनतम एपिसोड में पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री ने कहा कि दोनों पक्षों में विश्व स्तर के कई खिलाड़ी हैं, जिस कारण उन्हें संयुक्त प्लेइंग 11 चुनना कठिन कार्य लगा।

संयुक्त प्लेइंग 11 टीम का कप्तान रोहित शर्मा को बनाए जाने को लेकर शास्त्री ने कहा कि मैं रोहित को कप्तानी दूंगा, क्योंकि वह पैट (पैट कमिंस) से कहीं अधिक अनुभवी है। उन्होंने कहा कि अगर स्टीव स्मिथ ऑस्ट्रेलिया के कप्तान होते तो शायद यह एक अलग कहानी होती लेकिन चूंकि पैट कमिंस और रोहित शर्मा हैं, इसलिए रोहित जीत जाते हैं।




सलामी बल्लेबाजी के रूप में रोहित शर्मा का जोड़ीदार उस्मान ख्वाजा को चुने जाने को लेकर उन्होंने कहा कि उस्मान ख्वाजा और शुभमन गिल के बीच कड़ी टक्कर थी। शुभमन उभरते हुए युवा स्टार हैं और वह एक शानदार खिलाड़ी हैं, लेकिन उस्मान ख्वाजा, मौजूदा फॉर्म और पिछले कुछ वर्षों में जितने रन बनाए हैं, मुझे लगता है कि वह वहां होने चाहिए।

पूर्व कोच शास्त्री ने नंबर 3, नंबर 4 और नंबर 5 के लिए मार्नस लाबुशाने, विराट कोहली और स्टीव स्मिथ को चुना। उन्होंने कहा कि नंबर तीन के लिए मार्नस लाबुशेन के अलावा और कोई नहीं आ सकता। उनका परफॉर्मेंस शानदार रहा है। उनका औसत 60 के करीब है, इसलिए वो नंबर 3 के लिए पहली पसंद हैं। कोहली को लेकर उन्होंने कहा कि कोहली ने इतने सालों में जो किया है, उसके लिए वह चौथे नंबर पर बेस्ट हैं जबकि स्मिथ मेरे लिए नंबर 5 की पसंद हैं। नंबर 6 के लिए उन्होंने भारतीय ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा को चुना। उन्होंने कहा कि नंबर 6 पर मैं जडेजा को चुनता हूं, क्योंकि मेरा मानना है कि वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडरों में से एक है। नंबर 7 पर उन्होंने विकेट कीपर के रूप में ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स कैरी को रखा।

संयुक्त प्लेइंग 11 में भारत के स्टार स्पिनर रविचन्द्रन अश्विन की जगह ऑस्ट्रेलिया के नाथन लियोन को चुने जाने पर शास्त्री ने कहा कि मैंने नाथन लियोन को अश्विन से आगे इसलिए चुना, क्योंकि नाथन का विदेशी रिकॉर्ड है। न केवल ऑस्ट्रेलिया में बल्कि ऑस्ट्रेलिया के बाहर भी।

## यूनिवर्सिटी गेम्स के खिलाड़ियों को ओडीओपी किट का उपहार मिलेगा : डॉ. नवनीत सहगल

**लखनऊ।** देश के तमाम विश्वविद्यालयों की युवा प्रतिभाएं उत्तर प्रदेश में होने वाले खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2022 में अपनी खेल प्रतिभा का जौहर दिखाने के लिए तैयार हैं। यूनिवर्सिटी गेम्स में भाग लेने के लिए खिलाड़ी उत्तर प्रदेश पहुंचने लगे हैं। इन प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से ओडीओपी किट का उपहार दिया जाएगा। अपर मुख्य सचिव, खेल एवं युवा कल्याण, डॉ. नवनीत सहगल ने बीबीडी यूपी बैडमिंटन अकादमी स्थित कंट्रोल रूम में सोमवार को आयोजित बैठक में यह बात कही। उन्होंने



एयरपोर्ट, बस स्टेशन और रेलवे स्टेशन पर हेल्प डेस्क व्यवस्था सुदृढ़ कराने, लखनऊ, गौतमबुद्ध नगर, वाराणसी एवं गोरखपुर में एअरपोर्ट, बस स्टेशन तथा रेलवे स्टेशन पर ब्रांडिंग बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उप्र में होने वाले खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आयोजन भव्य स्तर पर किया जाएगा। इन खेलों के आयोजन में कोई कसर नहीं छोड़ी जाए और इस आयोजन से उत्तर प्रदेश खेलों की दुनिया में अपना अलग मुकाम बनाने के लिए तैयार है। डॉ. नवनीत सहगल ने कहा कि 23 मई से नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में कबड्डी के मुकाबले से खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की शुरुआत हो जाएगी। उन्होंने आयोजन स्थल पर सभी व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इन खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के आने का सिलसिला शुरू हो गया है। उनके ट्रांसपोर्टेशन की उचित व्यवस्था की जाए और उनकी सहूलियत के लिए वालंटियरों की समुचित तैनाती की जाए। सहगल ने एअरपोर्ट, बस स्टेशन तथा रेलवे स्टेशन पर हेल्प डेस्क बेहतर करने के साथ आयोजन स्थल पर भी हेल्प डेस्क बनाने के निर्देश दिए।

नवनीत सहगल ने कहा कि इसके साथ ही गेम्स के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए चारों शहरों में स्थानीय टीवी चैनल पर गेम्स संबंधी क्लिप चलाने जाएं। चौराहों पर बड़ी स्क्रीन पर भी खेलों का प्रसारण किया जाए। उन्होंने 25 मई को बीबीडी यूनिवर्सिटी में होने वाले उद्घाटन समारोह की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि इस समारोह के मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी होंगे। प्रधानमंत्री समारोह से वर्चुअली जुड़ेंगे। बैठक में विशेष सचिव, खेल एवं युवा कल्याण कुमार प्रशांत, खेल निदेशक आरपी सिंह सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्सः मशाल रिले का आयोजन 24 मई को

**हमीरपुर।** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022 के तृतीय संस्करण का आयोजन 25 मई से तीन जून तक प्रदेश के चार जनपदों लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, गौतमबुद्धनगर एवं दिल्ली में पहली बार आयोजित किया जा रहा है। इसको लेकर जिले में 24 मई को मशाल रिले का आयोजन किया जाना है।

कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रमेश चंद ने सोमवार को मीडिया को बताया कि लखनऊ में 12 विभिन्न खेल आयोजित किए जाएंगे। गौतमबुद्ध नगर में पांच खेलों का आयोजन होगा। गोरखपुर में रोइंग एवं वाराणसी में योगा व कुश्ती का आयोजन होगा। वहीं दिल्ली में शूटिंग का आयोजन किया जाएगा। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में करीब 200



विश्वविद्यालय के 4705 खिलाड़ी तथा आफिसियल्स, वालेन्टियर एवं टेक्निकल स्टॉफ सहित कुल आठ हजार सदस्य प्रतिभाग करेंगे। एडीएम ने बताया कि जनपद उन्नाव से 23 मई को रात 10 बजे मशाल रिले हमीरपुर रात में आकर विश्राम करेगी। 24 मई को प्रातः छह बजे से मशाल रिले का शुभारम्भ राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम से होकर निकलेगी और विभिन्न स्थानों से होते हुए वहीं आकर समाप्त होगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न कालेजों के छात्र-छात्राएं करेंगी। मशाल रिले यहां से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेगी। बताया कि टीम में लीडर क्रिकेट खिलाड़ी प्रिन्स बाबू होंगे। इस मौके पर अतिरिक्त एसडीएम खालिद अंजुम, जिला क्रीडा अधिकारी ब्रजेश सोनी मौजूद रहे।

# उत्कृष्ट आयोजन से बढ़ाना है गोरखपुर व यूपी का मान : खेल मंत्री

**गोरखपुर।** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के तहत 27 से 31 मई तक रामगढ़ताल में होने वाली रोइंग प्रतियोगिता की तैयारियों का जायजा लेने प्रदेश सरकार के खेल मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव व अपर मुख्य सचिव (एसीएस) खेल नवनीत सहगल सोमवार शाम गोरखपुर पहुंचे। उन्होंने रोइंग प्रतियोगिता स्थल का सघन निरीक्षण किया। अधिकारियों संग बैठक की और प्रतियोगिता के उत्कृष्ट आयोजन में कोई कोर कसर नहीं होने की हिदायत भी दी।

खेल मंत्री व एसीएस खेल ने रामगढ़ ताल और वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण के दौरान यह भी निर्देश दिया कि खिलाड़ियों व दर्शकों को किसी भी तरह की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्थाएं होनी चाहिए जिससे देश के विभिन्न प्रांतों से आ रहे खिलाड़ी उप्र और गोरखपुर के बारे में अविस्मरणीय यादें लेकर लौटें। रोइंग प्रतियोगिता की तैयारियों की भौतिक प्रगति जानने के बाद खेल मंत्री व अपर मुख्य सचिव खेल ने एनेक्सी भवन में समीक्षा बैठक भी की।

**समीक्षा बैठक कर ली तैयारियों की जानकारियां**

समीक्षा बैठक में खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने आयोजन की



तैयारियों की बिंदुवार अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। उन्हें बताया गया है कि सभी कार्य लगभग पूर्णता की ओर हैं। जो भी काम शेष हैं, वे दो दिन में शत प्रतिशत पूरे हो जाएंगे। खिलाड़ियों के आने पर उन्हें शानदार माहौल का अनुभव होगा। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के रहने, खाने व परिवहन के इंतजाम उत्कृष्ट होने चाहिए। गोरखपुर में पहली बार रोइंग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता हो रही है। इसे सफल बनाने और भविष्य में वाटर स्पोर्ट्स के क्षेत्र में नए द्वार खोलने के लिए हम सबकी जिम्मेदारी बढ़ जाती है। टीम वर्क से इस जिम्मेदारी को पूरा कर पूरे देश में गोरखपुर और यूपी का मान बढ़ाना है।

बैठक में अपर मुख्य सचिव खेल नवनीत सहगल ने कहा कि यह प्रतियोगिता पूरे यूपी के लिए शानदार अवसर है। रोइंग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता इस विशिष्ट खेल के क्षेत्र में पूर्वी उत्तर प्रदेश समेत समूचे राज्य में खिलाड़ियों की नई पौध तैयार करने का बड़ा माध्यम भी बनेगी।

इस अवसर पर मंडलायुक्त रवि कुमार एनजी, जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश, सीडीओ संजय मीना, एसपी सिटी कृष्ण बिश्नोई, एडीएम सिटी विनीत सिंह, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी रविंद्र मिश्रा, उप निदेशक संस्कृति डॉ मनोज गौतम, सीएमओ डॉ आशुतोष दूबे, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी आले हैदर, जिला सूचना अधिकारी प्रशांत श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के तीसरे संस्करण का आगाज कबड्डी के मुकाबले से होगा

**ग्रेटर नोएडा।** तीसरे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की शुरुआत 23 मई को पुरुष और महिला वर्ग के कबड्डी प्रतियोगिताओं के लीग मैचों के साथ होगी । मुकाबलों का आयोजन शाम को शहीद विजय सिंह पथिक (एसवीएसपी) खेल परिसर यहां शहर में होगा। जहां तीन महिलाओं और चार पुरुषों के पूल मैच निर्धारित हैं। पहला मैच एचपी यूनिवर्सिटी और दुर्ग कि महिला टीम के बीच होगा। वहीं पूल ए में एमडी यूनिवर्सिटी, रोहतक और वीएलएस यूनिवर्सिटी, तमिलनाडू के बीच शाम 4 बजे होगा।

इस कबड्डी प्रतियोगिता में 15 टीमें हिस्सा ले रहीं हैं। जहां महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती रोहतक के रिकार्डतोड़ 190 एथलीट खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में हिस्सा ले रहे हैं। 24-25 मई को लीग मैच समाप्त होंगे। वहीं सेमीफाइनल 26 मई को होगा जबकि फाइनल का आयोजन 27 मई से होगा 7

पिछले संस्करण के विजेता, राजस्थान के कोटा विश्वविद्यालय (पुरुष) और हरियाणा के कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय (महिला) अपने खिताब का बचाव करने के लिए उतरेंगी । ये दोनों टीमें बैंग्लोर में खिताब पर कब्जा जमा चुकी हैं।

हालांकि केआईयूजी 2022 यूपी के तीसरे संस्करण का भव्य आधिकारिक उद्घाटन समारोह 25 मई, 2023 को लखनऊ के बीबीडी यूनिवर्सिटी मेन ग्राउंड, 23 मई को ग्रेटर नोएडा में कबड्डी के साथ बास्केटबॉल, मल्लखंब, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, फुटबॉल, रग्बी और टेनिस जैसे अन्य विषयों के साथ प्रतियोगिताएं भी 24 मई, 2023 से विभिन्न स्थानों पर शुरू होंगी। देश भर के 207 विश्वविद्यालयों के 4008 एथलीट तीसरे केआईयूजी 2022 यूपी में 21 खेलों में भाग लेंगे, जो केआईयूजी के इतिहास में सबसे बड़ा होगा । केआईयूजी में गोरखपुर की सुरम्य प्राकृतिक झील रामगढ़ ताल के साथ रोइंग के रूप में वाटर स्पोर्ट्स भी अपनी शुरुआत करेगा, जो मेजबान बनने के लिए पूरी तरह तैयार है। गोरखपुर के अलावा यूपी के चार शहर लखनऊ, वाराणसी और नोएडा, 12 दिवसीय बहु-खेल उत्सव की मेजबानी करेंगे, जबकि दिल्ली शूटिंग प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा।

# पहली ताइक्वांडो प्रीमियर लीग का आयोजन 22 से 26 जून तक दिल्ली में

**हैदराबाद।** इंडियन ताइक्वांडो प्रीमियर लीग (टीपीएल) का पहला संस्करण 22 जून से 26 जून तक नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में खेला जाएगा। रविवार शाम फ्रेंचाइजी मालिकों, मेंटर्स और कोचों के भव्य समारोह में इसका खुलासा करते हुए संस्थापक निदेशक डॉ. वेंकट के गंजम ने ये घोषणा की कि यह इस अत्यधिक लोकप्रिय खेल में एक नए युग की शुरुआत होगी। उन्होंने कहा, 'पुरुषों की लीग दोहा, कतर में एक अंतरराष्ट्रीय लीग के बाद खेली जाएगी। अभी हमारे पास महिलाओं के लिए और फिर बच्चों के लिए एक लीग है, जो भारत में साल भर चलने वाली पहली लीग होगी। संस्थापक निदेशक दुव्वुरी गणेश ने कहा, '22-26 जून का संस्करण पहली बार टीम प्रारूप में खेला जाएगा। हर टीम में 5 शीर्ष खिलाड़ी होंगे। हमने प्रतियोगिता को तेज और रोमांचकारी बनाए रखने के लिए इसे 58.1 किग्रा-67.9 किग्रा वर्ग तक सीमित रखा है। टीपीएल ने अपने लॉन्च से पहले ही एक तरह का रिकॉर्ड भी बनाया। इसमें शामिल चारों टीमों की कमान चार महिला मालिकों ने संभाली है। वहीं, तीसरी संस्थापक-निदेशक नवनीता बच्चू, भारत की पहली महिला ताइक्वांडो ट्रेनर भी हैं। नवनीता ने कहा, ताइक्वांडो सिर्फ एक खेल नहीं है। यह महिलाओं को आत्म-रक्षात्मक कौशल सीखने में मदद करके उन्हें सशक्त बनाता है। टीपीएल सभी लड़कियों को इस खेल को अपनाने के लिए शिक्षित और प्रोत्साहित करेगा। सृष्टि राणा (हरियाणा हंटर्स), मिस एशिया पैसिफिक वर्ल्ड 2013 विमन पाथब्रेकर्स ब्रिगेड का नेतृत्व कर रही हैं। अन्य महिला फ्रेंचाइजी मालिक श्रीमती रुचिता मित्तल (महाराष्ट्र एवेंजर्स) जोकि एक हीरा व्यवसायी हैं, शिल्पा पटेल( बेंगलुरु निन्जा) एक उद्यमी हैं और ईशा पटेल(चेन्नई स्ट्राइकर्स) हैं।

